दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-
खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, सोमवार 21 जनवरी 2019
www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# दस साल का फासला

आजकल सोशल मीडिया पर #10 ईयर्स चैलेंज छाया हुआ है। इसमें लोग अपनी 10 साल पुरानी तस्वीर को ताजा तस्वीर के साथ जोड़कर पोस्ट कर रहे हैं। शुरू में हॉलिवुड की अनेक सिलेब्रिटीज ने विभिन्न प्लैटफॉर्मों पर अपनी तस्वीरें साझा कीं, फिर भारत में बॉलिवुड और क्रिकेट जगत की शख्सियतें भी सामने आ गईं। धीरे-धीरे आम लोग भी अपनी तस्वीरें डालने लगे। पहले यह निजी तस्वीरों से शुरू हुआ, फिर अन्य चीजों की तस्वीरें भी डाली जाने लगीं, जिनके पीछे कोई न कोई संदेश निहित है।

जैसे क्रिकेटर रोहित शर्मा ने समुद्र के भीतर की चट्टान का भित्तिचित्र डाला है। तस्वीर का आधा हिस्सा बहुत ही रंगीन और जीवंत दिखाई पड़ रहा है, जिसे रोहित ने साल 2009 की तस्वीर बताया है, जबकि तस्वीर का निचला हिस्सा उजाड़ दिखाई पड़ रहा है, जिसे उन्होंने साल 2019 के चित्र के रूप में पेश किया है। रोहित ने बताना चाहा है कि किस तरह जलीय पर्यावरण पर खतरा मंडरा रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायल-फिलस्तीन सीमा की तस्वीरें साझा की हैं। वर्ष 2009 में सीमा की मामूली घेरेबंदी दिखती है लेकिन 2019 में वहां जबर्दस्त बाड़ेबंदी दिख रही है। संभवत: वह बताना चाहते हैं कि उन्होंने इजरायलियों को हमलों से सुरक्षित किया है। देखा जाए तो यह चैलेंज एक नए ग्लोबल मुहावरे का रूप ले चुका है। भारत में कई लोगों ने इसके लिए कार्टूनों का माध्यम अपनाया है। यानी 2009 और 2019 की तुलना वाले दो व्यंग्य चित्रों के जरिए कोई किसी राजनेता पर व्यंग्य कर रहा है तो कोई सरकार पर।

वैसे साधारण लोग भी अपनी तस्वीरों के जरिए कुछ न कुछ तो कहना ही चाहते हैं। दरअसल जीवन की तेज रफ्तार में ठहरकर अपने अतीत को देखना एक सहज मनोवृत्ति है। सूचना तकनीक के आने से पहले अलबम रखने का चलन रहा है, जिसे फुर्सत के क्षणों में बैठकर पूरा परिवार देखा करता था। मध्यकाल में संपन्न लोग अपने पोर्ट्रेट बनवाया करते थे। इसके पीछे भविष्य में खुद को देखने या दिखाने की इच्छा रहती होगी। यही इच्छा इस चैलेंज के जरिये एक नए रूप में सामने आई है। वैसे टेक-जर्नलिस्ट केटे ओ नील का मानना है कि फेसबुक यह चैलेंज अपने फेशियल रिकॉग्निशन एल्गोरिदम में सुधार लाने के लिए चला रहा है। एक मीम के जरिए खास तरह का डेटा तैयार हो रहा है कि लोग 10 साल पहले और अब कैसे दिखते हैं। इसका कई गलत उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल संभव है। लेकिन फेसबुक ने इससे इनकार किया है। कंपनी के प्रवक्ता के मुताबिक यह यूजर जेनरेटेड मीम है, जो अपने आप वायरल हो गया है। मीम में इस्तेमाल किए गए फोटोज पहले से ही फेसबुक पर मौजूद हैं। इसमें नया कुछ नहीं मिल रहा है। जो भी हो, अभी तो लोग इसके मजे ले रहे हैं।

# जानें कैसे आधार को अपने ड्राइविंग लाइसेंस से करें लिंक

नई दिल्ली। पिछले दिनों सरकार की तरफ से कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा था कि बहुत जल्द आधार को ड्राइविंग लाइसेंस के साथ लिंक करना अनिवार्य कर दिया जाएगा. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद सिम लेने, बैंक अकाउंट खुलवाने जैसे कामों में आधार की अनिवार्यत खत्म कर दी गई है. लेकिन, सरकार की किसी भी योजना का लाभ लेने और सरकार द्वारा देने की स्थिति में आधार कार्ड जरूरी है. दरअसल, आधार की स्वीकार्यता लगातार बढ़ती जा रही है.




हालांकि, इसको लेकर लगातार सवाल भी उठते रहे हैं. लेकिन, समय के साथ यह जरूरी बनता चला गया है. आधार को ड्राइविंग लाइसेंस से जोड़ने के पीछे सरकार का मकसद है कि एक शख्स के पास एक ही ड्राइविंग लाइसेंस हो. लिंक हो जाने के बाद उस शख्स की निजी जानकारी भी शेयर हो जाएगी. ड्राइविंग लाइसेंस रोड ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट द्वारा निर्गत किया जाता है. लिंक करने की प्रक्रिया हर राज्य में अलग-अलग हो सकती है, लेकिन लिंक करने का तरीका एक जैसा ही होगा.आधार को ड्राइविंग लाइसेंस से जोड़ने के लिए पहले स्टेट ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की वेबसाइट को ओपन करें. यहां छ्रुऑप्शन को चूज करना है. ऑप्शन चूज करने के बाद आपको अपने ड्राइविंग लाइसेंस नंबर डालना होगा. नंबर डालने के बाद पूरा पेज खुलेगा. यहां अपने ड्राइविंग लाइसेंस नंबर को दोबारा जांच लें. वहां पर एक ऑप्शन दिया गया है जहां आपको 12 डिजिट का आधार नंबर डालना है. इसके अलावा रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को भी डालना होगा. सबमिट करने के बाद मोबाइल नंबर पर OTP सेंड किया जाएगा. OTP डालते ही आपका आधार ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ जाएगा.

# एचडीएफसी बैंक का बढ़ा मुनाफा, एसबीआई ने इस तरह से जुटाए 1.25 अरब डॉलर

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने विदेशी बाजार से बांड के जरिए 1.25 अरब डॉलर की राशि जुटाई है. एसबीआई की ओर से शनिवार को बताया कि दुनियाभर में उसके बांड को निवेशकों ने हाथों हाथ लिया, उसे 122 से अधिक खातों से 3.2 अरब डॉलर का ऑर्डर मिला. SBI का कहना है कि उसने विदेशी पूंजी बाजारों में भी अपने लिए गंभीर निवेशकों का एक आधार तैयार किया है. ये बांड




गुजरात के गिफ्ट सिटी में स्थित आईएफएसी में बीएसई की अनुषंगी इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज आईएफएससी लिमिटेड में सूचीबद्ध होंगे.

### HDFC बैंक का मुनाफा बढ़ा

वहीं एचडीएफसी बैंक का मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बड़ी कामयाबी मिली है. बैंक का शुद्ध लाभ 20.3 प्रतिशत बढ़कर 5,585.9 करोड़ रुपये रहा. बैंक की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पिछले साल की इसी अवधि में उसने 4,642.6 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था.HDFC बैंक ने कहा कि इस साल अक्टूबर-दिसंबर के बीच उसकी कुल आय बढ़कर 30,811.27 करोड़ रुपये हो गई, पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 24,450.44 करोड़ रुपये था.

# बच्चों के लिए नए एप लोल का परीक्षण कर राह फेसबुक

नई दिल्ली। सबुक बच्चों के लिए एक नए एप लोल का परीक्षण कर रही है। इसके उपयोगकर्ता फनी मीम कंटेंट शेयर कर सकेंगे। 'टेकक्रंच' से फेसबुक के एक प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि कंपनी बच्चों के लिए 'लोल' का परीक्षण कर रही है। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा,हम एक छोटे स्तर पर परीक्षण कर रहे हैं और इसका कॉन्सेप्ट अभी शुरुआती दौर में है।'फॉर यू एनिमल्स फेल्स और प्रेंक्स जैसी श्रेणियों में विभाजित एप में फनी वीडियो और क्लिप्स जैसीं जीआईएफ होंगी रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल लोल हाईस्कूल के 100 छात्रों के साथ व्यक्तिगत बीटा में है। छात्रों से गोपनीयता अनुबंध कराया गया है।फेसबुक का फोटो शेयरिंग एप 'इंस्टाग्राम' युवाओं में काफी लोकप्रिय है।



# पेट्रोल-डीजल महंगा होने से बढ़ी LPG की मांग, जानिए कितनी हुई वृद्धि



नई दिल्ली। पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी और स्वच्छ ईंधन को लेकर बढ़ती जागरूकता के बीच पिछले वित्त वर्ष में देश में वाहन एलपीजी क्षेत्र में 14 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई। उद्योग से जुड़े एक संगठन ने यह दावा किया है। वाहन एलपीजी को प्रोत्साहन देने के लिए संबंधित क्षेत्रों की कंपनियों के मंच इंडियन ऑटो एलपीजी कोएलिशिन (आईएसी) के अनुसार, वित्त वर्ष 2017-18 में देश में करीब 4,00,000 टन ऑटो एलपीजी कि बिक्री हुई। इससे पहले के वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 3,46,000 टन का था। यह 14 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। उल्लेखनीय है कि 2016-17 में वाहन एलपीजी क्षेत्र में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आईएसी के महानिदेशक सुयश गुप्ता के मुताबिक, देश में धीरे-धीरे एलपीजी से वाहन चलाने का चलन बढ़ा है। उनके मुताबिक, पेट्रोल और डीजल की आसमान छूती कीमतों, स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल को लेकर लोगों में बढ़ती जागरूकता और देश में इस ईंधन की बढ़ती उपलब्धता के कारण ऑटो एलपीजी की बिक्री में यह वृद्धि हुई है।

# भारतीय सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में आयी गिरावट, जाने

नई दिल्ली। दिल्ली सराफा बाजार में सोना का भाव शनिवार को 60 रुपये टूटकर 33,160 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया. अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार इसकी अहम वजह स्थानीय बाजार मेंद जौहरियों की ओर से मांग कमजोर पड़ना है. इसके अलावा वैश्विक बाजारों के धीमे रुख ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया. औद्योगिक इकाइयों और सिक्का ढलावों की मांग घटने से चांदी भाव भी 280 रुपये घटकर 40,100 रुपये प्रति किलोग्राम रहा. सराफा व्यवसायियों के अनुसार स्थानीय जौहरियों और खुदरा व्यापारियों की मांग घटने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से सोना भाव टूटा है. वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना भाव 0.77 प्रतिशत टूटकर 1,282.30 डॉलर और चांदी भाव 1.26 प्रतिशत घटकर 15.41 डॉलर प्रति औंस रही.



# हाशिम अमला ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड, कम पारियों में जड़े 27 शतक

पोर्ट एलिजाबेथ। आखिरकार तजुर्बेकार दक्षिणी अफ्रीकी बल्लेबाज हाशिम अमला लंबे समय बाद वनडे इंटरनेशनल में शतक लगाने में कामयाब रहे. 36 साल के होने जा रहे अमला ने पाकिस्तान के खिलाफ पोर्ट एलिजाबेथ में 108 रनों की नाबाद पारी खेली. हालांकि उनका यह शतक साउथ अफ्रीका के काम नहीं आया और उसने पांच मैचों की सीरीज का पहला वनडे पांच विकेट से गंवा दिया. उधर, आंकड़ों की बात करें तो अमला ने सबसे कम पारियों में 27 वनडे शतक जड़ने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. हाशिम अमला ने वनडे इंटरनेशनल की 167 पारियों में अपने 27 शतक पूरे किए, उन्होंने विराट कोहली को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 169 पारियों में इतने शतक जड़े थे.



# सुख-समृद्धि का प्रतीक हैं ये तीन पौधे, घर में लगाने से होती है धन वृद्धि



अधिकतर सभी घरों में छोटे बड़े पेड़-पौधे होते हैं, ये पौधे घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। वास्तुशास्त्र में कुछ पौधो को घर में लगाना बहुत ही शुभ माना जाता है। ये माना जाता है कि अगर ये पौधे घर में हो तो घर नकारात्मक ऊर्जा से दूर रहता है और घर के सदस्यों में आपस में प्रेम बना रहता है। हम आपको यहां ऐसे खास तीन पौधों के बारे में बता रहे हैं जो सुख-समृद्धि का प्रतीक माने जाते हैं। आइए जानते हैं इन पौधों के बारे में..

तुलसी का पौधा- तुलसी का पौधा घर में रखने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है, ये माना जाता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है उस घर के सदस्यों पर माता लक्ष्मी की विशेष कृपा रहती है और व्यक्ति को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

गुडहल का पौधा- गुडहल के पौधे को घर में लगाना बहुत ही शुभ माना जाता है, यह पौधा शांति का प्रतीक होता है और इसे घर में लगाने से घर के सदस्यों में आपसी प्रेम बना रहता है।

केले का पौधा-केले का पौधा घर में लगाने और उसकी पूजा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है। केले का पौधा भगवान विष्णु को भी बहुत प्रिय है, जिस घर में केले का पौधा होता है उस घर में माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु का वास रहता है।


# नोवाक जोकोविच, हालेप और सेरेना प्री क्वार्टर फाइनल में

मेलबोर्न। विश्व के नंबर एक पुरुष और महिला खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच और रोमानिया की सिमोना हालेप ने अपना शानदार अभियान बरकरार रखते हुए शनिवार को वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। जोकोविच और हालेप के अलावा 23 बार की ग्रैंड स्लेम चैंपियन अमेरिका की सेरेना विलियम्स, चौथी सीड जापान की नाओमी ओसाका, छठी सीड यूक्रेन की एलीना स्वीतोलिना और पुरुषों में आठवीं सीड जापान के केई निशिकोरी ने राउंड 16 में जगह बना ली जबकि पूर्व नंबर एक अमेरिका की वीनस विलियम्स को बाहर हो जाना पड़ा। टॉप सीड जोकोविच ने 25वीं वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव को को दो घंटे 22 मिनट में 6-3, 6-4, 4-6, 6-0 से हराकर राउंड 16 में प्रवेश किया।




# टीम इंडिया ऐसे बनेगी 2019 विश्व कप चैंपियन- कोच शास्त्री

नई दिल्ली। टीम इंडिया के हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि तीन से चार ऐसी टीमें हैं, जो 2019 विश्व कप खिताब की प्रबल दावेदार हैं। शास्त्री ने अपनी टीम के अलावा टूर्नामेंट की मेजबान इंग्लैंड को विश्व कप चैंपियन बनने का प्रबल दावेदार बताया है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन के साथ डेली टेलीग्राफ को दिए इंटरव्यू में शास्त्री ने कहा, 'तीन से चार टीमें हैं, जो विश्व कप चैंपियन बन सकती हैं। मगर यह निर्भर करता है कि आप टूर्नामेंट की शुरुआत कैसे करते हैं। अगर हमने शुरुआत में लय हासिल की तो टीम इंडिया बहुत ही खतरनाक है क्योंकि हमें दर्शकों का भारी समर्थन प्राप्त है और चीजें भी हमारे पक्ष में हैं।'



# अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर धोनी ने दिया ये बयान

मेलबोर्न। भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में 2-1 की ऐतिहासिक सीरीज जीत में 'मैन ऑफ द सीरीज बने' महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि वह किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार है। धोनी ने तीसरे और निणार्यक मैच में नाबाद 87 रन की मैच विजयी पारी खेली। धोनी को सीरीज में लगातार तीन अर्धशतक बनाने के लिए 'मैन ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार दिया गया। विकेटकीपर-बल्लेबाज और पूर्व कप्तान धोनी ने तीसरे वनडे के बाद कहा, मैं नंबर 4 से लेकर नंबर 6 तक किसी भी क्रम पर खेल सकता हूं।



# इस तरीके से बनाएं स्वादिष्ट गाजर का हलवा

इसका असली स्वाद और मजा लेना है तो इसे घर में बनाइए. इस तरीके और इन टिप्स की मदद से आप वाकई लाजवाब हलवा बना सकते हैं.

सामग्री -
गाजर - 1 किलो
दूध - 750 ग्राम
चीनी - 150 ग्राम
केसर
इलायची

विधि-गाजर को पहले अच्छी तरह छीलकर कस लें।

इसके बाद इलायची डालकर दूध को हल्की आंच पर उबालें।



भारी कढ़ाही में घी को गर्म करें और उसमें कसी हुई गाजर और दूध मिलाएं।

फिर इसमें चीनी मिलाकर हल्वे को तब तक पकाएं जब तक इसका रंग गाढ़े लाल रंग का न हो जाए।

# शब्द सामर्थ्य-54

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 53 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

# सू-दोकू-54

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 53 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# आज का राशिफल

मेष: नौकरी या व्यवसाय में कुछ अप्रत्याशित समय का सामना करना पड़ सकता है। किसी विशेष कार्य में विफलता से मन में खिन्नता रह सकती है।

वृषभ: परिस्थितियां आपको हाथ से निकलती लगेगी लेकिन सबकुछ आपके अनुकूल हो जाएगा। मांगलिक आयोजनों में भाग लेंगे।

मिथुन: आप नई चीजों को लेकर अपने आपको उत्साहित नहीं कर पाएंगे। शीघ्र ही आपको की गई गलती का अहसास होने लगेगा।

कर्क: व्यापारिक कार्यों में प्रतिकूलता देखने को मिलेगी। आप महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं। साझेदारी में सावधान रहें।

सिंह: आपका कार्य कौशल देखने लायक होगा। नई-नई योजनाओं के क्रियान्वन पर ध्यान केंद्रित रहेंगा। बेहतर निवेश के लिए तुरंत कदम उठाएं।

कन्या: आपकी ऊर्जा, करिश्मा, प्रभावशीलता इस समय शीर्ष स्तर पर बने हुए हैं। उदर विकार, पित्त विकार या ब्लड प्रेशर परेशान हो सकते हैं।

तुला: स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानी हो सकती है। निरंतर भागदौड़ की स्थितियां बार-बार आएंगी। आध्यात्मिक बने रहना आपके लिए लाभदायक रहेगा।

वृश्चिक: आप उर्जा से भरे रहेंगे और कुछ नए कदम साहसिक कदम उठाएंगे। आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

धनु: आप आत्मसुधार और विकास पर कुछ धन खर्च कर सकते हैं। जीवनसाथी से संबंधों में कटुता आएगी, जिस कारण मन परेशान हो सकता है।

मकर: इस समय मकान और जमीन के सौदों से अच्छे मुनाफे की संभावना दिखाई दे रही है। व्यवसाय या नौकरी दोनो ही क्षेत्र में उन्नति के द्वार खुलेंगे।

कुंभ: आप कामकाज को अत्यंत युक्ति संगत व सुचारु करेंगे। कुछ सामाजिक या धार्मिक सेवा के कार्य भी किए जा सकते हैं।

मीन: घर, गृहस्थी, दाम्पत्य से संबंधित मामलों का तनाव भी ठीक होगा। नवीन कार्यों में मित्र वर्ग से वांछित सहयोग मिलेगा।